आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार, 27.10.2024

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों को भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी।
- उत्तराखण्ड परिवहन निगम के बेड़े में बी.एस सिक्स मॉडल की 130 नई बसें शामिल हुईं।
- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने मनोज रावत को उम्मीदवार घोषित किया।
- अल्मोड़ा के गोल्फ ग्राउंड, रानीखेत को आम लोगों के लिए खोला गया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में ख़रीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

भंडाफोड़

उत्तराखंड पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट प्रकरण पर बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ उत्तराखण्ड की साइबर क्राईम पुलिस टीम ने पूरे देश में प्रचलित डिजिटल अरेस्ट स्कैम भण्डाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को उत्तर प्रदेश के बहराइच से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने देहरादून के एक व्यक्ति को 48 घंटे डिजिटल हाउस अरेस्ट कर तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी में प्रयुक्त किये जा रहे बैंक खाते के विरुद्ध देश भर के विभिन्न राज्यों में 76 शिकायतें दर्ज हैं । आरोपित के खाते में संदिग्ध रूप से छह करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मिली है।

लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत देहरादून के सर्वे चौक में 66 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पलटन बाजार के मुख्य द्वार का लोकार्पण भी किया। श्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीयता और देश प्रेम के भाव के लिए सर्वेचौक देहरादून में यह राष्ट्रीय ध्वज स्मारक स्थापित किया गया है।

## नई बसें

उत्तराखण्ड परिवहन निगम के बेड़े में बी.एस सिक्स मॉडल की 130 नई बसें शामिल हो गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के आई.एस.बी.टी से बसों को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई बसों को शामिल कर राज्य के विकास में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है। आधुनिक तकनीक से युक्त नई बसें राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी। ये बसें न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों में भी नई ऊर्जा का संचार भी करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड परिवहन निगम को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रही है और इन्हीं प्रयासों के चलते पिछले तीन वर्षों से परिवहन निगम लगातार मुनाफे में मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही बस बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों का भी समावेश किया जायेगा। श्री धामी ने बताया कि इस दीपावली के अवसर पर सेवाएं देने वाले चालकों, परिचालकों और तकनीकी कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देने भी दी जाएगी।

## केदारनाथ उपचुनाव–कांग्रेस प्रत्याशी घोषणा

केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर यह जानकारी साझा की। भाजपा ने केदारनाथ विधानसभा सीट पर अपने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि केदारनाथ सीट पर दिवंगत विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद उपचुनाव हो रहा है। केदारनाथ उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि 23 नवम्बर को मतगणना होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में 90 हजार 540 पंजीकृत मतदाता हैं।

## रानीखेत गोल्फ ग्राउंड

पर्यटक नगरी के अल्मोड़ा के रानीखेत स्थित प्रसिद्ध गोल्फ ग्राउंड को छावनी परिषद, प्रशासन और सेना की सहमति से पर्यटकों और आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। यह मैदान मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक खुला रहेगा।

संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने कहा कि रानीखेत का मुख्य आकर्षण गोल्फ ग्राउंड है। प्रतिदिन आवाजाही की समय सीमा बढ़ाने के लिए कैंट प्रशाशन से बातचीत की जा रही है।

सालभर देश–विदेश से रानीखेत गोल्फ ग्राउंड में बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं और प्रकृति का आनंद लेते हैं। कुछ समय पहले गोल्फ ग्राउंड को पर्यटकों और स्थानीय जनता के लिए बंद किया गया था। यह गोल्फ ग्राउंड एशिया का सबसे ऊंचा गोल्फ कोर्स है, जो छह हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है। गोल्फ ग्राउंड के खुलने से क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है।

## गौचर मेला

चमोली जिले में आगामी 14 नवम्बर से राज्य स्तरीय औद्योगिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन विकास गौचर मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति की आकर्षक झलक के साथ विविध मनोरंजक कार्यक्रम भी शामिल किए जाएंगे। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अधिकारियों को गौचर मेले की सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सांस्कृतिक आयोजनों में वाइब्रेंट विलेज के कार्यक्रम भी शामिल करने को कहा है।

## सत्यापन अभियान

देहरादून पुलिस ने सेलाकुई क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया, जिसमें किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 40 भवन स्वामियों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया। इन भवन स्वामियों पर चार लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

गिरफ्तारी
देहरादून में विजिलेंस टीम ने कालसी में तैनात प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अपर सहायक अभियन्ता सुन्दर सिंह चौहान को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। है अपर सहायक अभियन्ता पर पी. एम.जी.एस.वाई. योजना के अन्तर्गत बनाई गयी सड़क में शिकायतकर्ता के खेत के कटान का भुगतान करने की एवज में रिश्वत लेने का आरोप है।